**Directions (1-5): दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

आठ व्यक्ति J, K, L, M, N, O, P और Q एक इमारत की विभिन्न मंजिलों पर इस प्रकार रहते हैं कि भूतल संख्या 1 और शीर्ष मंजिल की संख्या 8 है, लेकिन आवश्यक नहीं की समान क्रम में हों। वे सभी विभिन्न कंपनी अर्थात् डैल, एचपी, इनफ़ोसिस, आसूज, एचसीएल, सोनी, आईबीएम और विप्रो में कार्य करते हैं, लेकिन आवश्यक नहीं कि समान क्रम में हों।
P और एचपी में कार्य करने वाले व्यक्ति, जो P के ऊपर रहता है, के मध्य चार व्यक्ति रहते हैं। J, 7 वीं मंजिल को छोड़कर एक विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है और P के आसन्न नहीं रहता है। आईबीएम में कार्य करने वाला व्यक्ति, एचपी में कार्य करने वाले व्यक्ति के ऊपर रहता है। J और डैल में कार्य करने वाले व्यक्ति के मध्य एक व्यक्ति रहता है। Q, इनफ़ोसिस में कार्य करता है और पांचवी मंजिल के ऊपर रहता है। N डैल में कार्य करने वाले व्यक्ति के आसन्न नहीं रहता है। N डैल में कार्य करने वाले व्यक्ति के आसन्न नहीं रहता है और आसूज और विप्रो में कार्य नहीं करता है। M एक विषम संख्या वाली मंजिल पर नहीं रहता है और आईबीएम और एचपी में कार्य नहीं करता है। एचसीएल में कार्य करने वाला व्यक्ति भूतल पर रहता है। N और इनफ़ोसिस में कार्य करने वाले व्यक्ति के मध्य तीन से अधिक व्यक्ति रहते हैं। L और O के मध्य एक व्यक्ति रहता है। O आईबीएम में कार्य नहीं करता हैं। आसूज में कार्य करने वाला व्यक्ति N के आसन्न नहीं रहता है। L एक सम संख्या वाली मंजिल पर नहीं रहता है।

**Q1. J और एचपी में कार्य करने वाले व्यक्ति के मध्य कितने व्यक्ति रहते हैं?**
(a) एक
(b) चार
(c) दो
(d) तीन
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q2. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति पाँचवीं मंजिल पर रहता है?**
(a) O
(b) विप्रो में कार्य करने वाला व्यक्ति
(c) L
(d) सोनी में कार्य करने वाला व्यक्ति
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q3. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्ति छठी मंजिल पर रहता है?**
(a) Q
(b) O
(c) K
(d) L
(e) इनमें से कोई नहीं



**Q4. सोनी में कार्य करने वाले व्यक्ति के ठीक ऊपर कौन-सा व्यक्ति रहता है?**
(a) N
(b) K
(c) P
(d) O
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q5. निम्नलिखित पाँच में से चार एक निश्चित रूप से एक समूह का निर्माण करते हैं, निम्न में से कौन उस समूह से सम्बंधित नहीं है?**
(a) आसूज में कार्य करने वाला व्यक्ति
(b) L
(c) Q
(d) सोनी में कार्य करने वाला व्यक्ति
(e) K

**Direction (6-10): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**
आठ डिब्बे एक के ऊपर एक करके रखे गए हैं। प्रत्येक डिब्बे में विभिन्न संख्या में किताबें रखी गई हैं। किसी भी डिब्बे में 81 से अधिक किताबें नहीं हैं। A और B के मध्य चार डिब्बे रखे गए हैं। डिब्बा C के अंदर उस संख्या में किताबें रखी गई हैं, जो एक विषम संख्या का वर्ग है। F और D के मध्य दो डिब्बे रखे गए हैं, जो डिब्बा F के ऊपर रखा गया है। डिब्बा B में उस संख्या में किताबें रखी गई हैं, जो डिब्बा G में रखी गई किताबों की 5 गुना है। A और F के मध्य तीन से अधिक किताबें रखी गई हैं, जो डिब्बा A के नीचे रखा गया है। डिब्बा D में रखी गई किताबें, डिब्बा F में रखी गई किताबों की ठीक दुगनी हैं। जिस डिब्बे में 49 किताबें रखी गई हैं, डिब्बा A के ठीक ऊपर रखा गया है। डिब्बा G और डिब्बा E में रखी गई किताबों की संख्या के मध्य अंतर 8 है। डिब्बा A में 30 से अधिक किताबें नहीं हैं। डिब्बा B और जिस डिब्बे में 16 किताबें हैं, के मध्य दो डिब्बे रखे गए हैं। डिब्बा F में, डिब्बा A से, जिसमें एक सम संख्या के वर्ग में किताबें रखी गई हैं, तीन किताबें अधिक रखी गई हैं। जिस डिब्बे में, डिब्बा D से 15 किताबें कम रखी गई हैं, डिब्बा C के ठीक ऊपर रखा गया है। डिब्बा E में विषम संख्या में किताबें रखी गई हैं और डिब्बा G के ऊपर रखा गया है। G और H के मध्य दो से अधिक डिब्बे रखे गए हैं। डिब्बा B में, डिब्बा C से 6 किताबें कम हैं।

**Q6. डिब्बा C में कितनी किताबें रखी गई हैं?**
(a) 54
(b) 75
(c) 81
(d) 65
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q7. डिब्बा F और डिब्बा H के मध्य कितने डिब्बे रखे गए हैं?**
(a) दो
(b) तीन
(c) चार
(d) पाँच से अधिक
(e) कोई नहीं

General Awareness
Based on GA POWER CAPSULE
RBI ASSISTANT MAINS
bankersadda.com
2500 + Questions
Current Affairs | Banking | Static

**Q8. डिब्बा E और डिब्बा F के मध्य कितनी किताबों का अंतर हैं?**
(a) 30
(b) 4
(c) 10
(d) 15
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q9. डिब्बे G के ठीक ऊपर रखे गए डिब्बे में कितनी किताबें हैं?**
(a) 49
(b) 38
(c) 81
(d) 23
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q10. डिब्बे A में कितनी किताबें रखी गई हैं?**
(a) 16
(b) 49
(c) 75
(d) 81
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (11-15): निम्नलिखित जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए:**

सात मंत्री एक ही वर्ष के चार अलग-अलग महीनों अर्थात् मार्च, जून, सितंबर और नवंबर में विभिन्न देशों में सम्मेलन में भाग लेने जाते हैं। एक ही महीने में कम से कम एक व्यक्ति लेकिन दो से अधिक व्यक्ति नहीं जाते हैं। F, भूटान में सम्मेलन में भाग लेने नहीं जाता है। G, सितंबर में अमेरिका में सम्मेलन में भाग लेने जाता है। जो भूटान में सम्मेलन में भाग लेता है, वह नवंबर में नहीं जाता है। न तो C और न ही E भूटान जाता है। F और B जून में जाते हैं। E, जापान में नहीं जाता है। भूटान और रूस में जाने वाले व्यक्ति एक ही महीने में जाते हैं। A, मार्च में चीन में सम्मेलन में भाग लेने जाता है। जो जापान में सम्मेलन में भाग लेता है वह सितंबर में जाता है। मार्च में केवल एक मंत्री सम्मेलन में भाग लेता है। फ्रांस और ब्राजील में सम्मेलनों में भाग लेने वाले व्यक्ति एक ही महीने में जाते हैं। E, सितंबर में सम्मेलन में भाग नहीं लेता है। D, नवंबर में सम्मेलन में भाग लेता है और फ्रांस में सम्मेलन में भाग नहीं लेता है।

**Q11. D, किस देश में सम्मेलन में भाग लेने जाता है?**
(a) चीन
(b) रूस
(c) ब्राज़ील
(d) भूटान
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q12. निम्नलिखित में से कौन नवंबर में सम्मेलन में भाग लेता है?**
(a) E
(b) A
(c) G
(d) F
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q13. निम्नलिखित में से कौन भूटान में सम्मेलन में जाता है?**
(a) D
(b) G
(c) F
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**Q14. जो फ्रांस में सम्मेलन में भाग लेता है वह निम्नलिखित में से महीने में से जाता है?**
(a) मार्च
(b) जून
(c) नवंबर
(d) सितम्बर
(e) निर्धारित नहीं किया जा सकता

**Q15. निम्नलिखित में से कौन उसी महीने में सम्मेलन में भाग लेता है जिसमें G भाग लेता है?**
(a) E
(b) C
(c) A
(d) B
(e) इनमें से कोई नहीं

**Directions (16-20): दी गई जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

यहाँ छह मित्र हैं, प्रत्येक की विभिन्न आय है। वे सभी विभिन्न शहरों अर्थात् पुणे, चेन्नई, जयपुर, वाराणसी, मनाली और मैसूर से सम्बंधित है और साथ ही वे विभिन्न रंग अर्थात् लाल, नीला, ग्रे, हरा, गुलाबी और सफ़ेद पसंद करते हैं (आवश्यक नहीं कि सभी समान क्रम में हों)।
D की आय केवल दो व्यक्तियों से अधिक है। लाल रंग पसंद करने वाला व्यक्ति पुणे से सम्बंधित है। A की आय C से अधिक है। B चेन्नई से सम्बंधित है और E हरा रंग पसंद करता है। जिस व्यक्ति की आय सबसे अधिक है, वह 33 हजार आय प्राप्त करता है और नीला रंग पसंद करता है। E वह व्यक्ति नहीं है जो सबसे कम आय प्राप्त करता है। D मैसूर से सम्बंधित है। F नीला रंग पसंद नहीं करता है। सफ़ेद रंग पसंद करने वाला व्यक्ति मैसूर से सम्बंधित नहीं है। A की आय 22 हजार है। 25 हजार प्राप्त करने वाला व्यक्ति गुलाबी रंग पसंद करता है और वाराणसी से सम्बंधित है। C मनाली से सम्बंधित नहीं है। जिस व्यक्ति की आय सबसे कम है 15 हजार प्राप्त करता है। पुणे से सम्बंधित व्यक्ति की आय E की आय से आधिक लेकिन F की आय से कम है।


Adda247 | No. 1 APP for Banking & SSC Preparation
**Website:** bankersadda.com | sscadda.com | store.adda247.com | **Email:** contact@bankersadda.com

**Q16. निम्नलिखित में से कौन जयपुर से सम्बंधित है?**

(a) सबसे कम आय प्राप्त करने वाला व्यक्ति

(b) B

(c) सफ़ेद रंग पसंद करने वाले व्यक्ति

(d) (a) और (c) दोनों

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q17. निम्नलिखित में से कौन 19 हजार आय प्राप्त करता है?**

(a) C

(b) D

(c) E

(d) या तो (b) या (c)

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q18. निम्नलिखित में से कौन सबसे अधिक आय प्राप्त करता है?**

(a) F

(b) B

(c) A

(d) E

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q19. निम्नलिखित में से D कौन-सा रंग पसंद करता है?**

(a) गुलाबी

(b) ग्रे

(c) लाल

(d) हरा

(e) इनमें से कोई नहीं

**Q20. निम्नलिखित में से कौन मनाली से सम्बंधित है?**


(a) F

(b) B

(c) A

(d) E

(e) इनमें से कोई नहीं



adda 247
publications

BOOKS




**Visit:** publications.adda247.com & store.adda247.com
For any information, mail us at **publications@adda247.com**